दिन– मंगलवार दिनांक– 18 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए विधायक दल की कल पटना में होगी बैठक। नेता चुने जाने के बाद राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

02. भाजपा ने कल होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बनाया पर्यवेक्षक। दो सह पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये।

03. विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चयन को लेकर पटना से दिल्ली तक बातचीत का दौर जारी।

04. और, राजनीतिक गतिविधियों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आ रहे हैं पटना।

---

एनडीए विधायक दल की कल पटना में बैठक होगी। बैठक में राजग के सभी पांच दल– भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नवनिर्वाचित विधायक भाग लेंगे। इस दौरान एनडीए गठबंधन विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। इससे पहले, एनडीए के प्रमुख घटक दल भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक कल पटना में प्रदेश कार्यालय में होगी। जहां पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक दल के नेता का चुनाव करेंगे। चुनाव को लेकर पार्टी की केंद्रीय इकाई ने वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पर्यवेक्षक बनाया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को केंद्रीय सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इधर, जदयू के विधायक दल की बैठक भी कल होगी। जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गयी है। एनडीए गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच नई सरकार के स्वरूप को लेकर बातचीत का दौर जारी है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने आज नई दिल्ली में भाजपा के

वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बातचीत के दौरान बीस नवम्बर को मुख्यमंत्री के साथ शपथ लेने वाले मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के नामों पर भी विचार–विमर्श किया गया। मुलाकात के बाद जदयू के दोनों वरिष्ठ नेता पटना लौट आये हैं। दोनों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर मुलाकात के दौरान हुई बातचीत की जानकारी साझा की।

---

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह मंत्रिमंडल गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री गठबंधन के अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत कर सकते हैं।

---

इधर, बीस नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए पटना के गांधी मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गांधी मैदान पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने गांधी मैदान पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। इधर, प्रशासन ने विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए शासित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसे देखते हुए एसपीजी ने गांधी मैदान की सुरक्षा की कमान संभाल ली है। पटना जिला प्रशासन ने बीस नवम्बर तक गांधी मैदान को आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। पटना के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि शपथ समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब से सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि राज्य की जनता ने एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों ने जातीय समीकरणों से बाहर निकलते हुए राज्य के विकास के लिए वोट किया है।

–––बाइट–––

---

जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री किशोर ने कहा कि नई सरकार से अपेक्षा है कि वह बिहार के लोगों से किये गए वायदे को पूरा करे।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि प्रशांत किशोर हार से हताश हैं। श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वायदे को पूरा करने के लिए किसी की नसीहत की जरूरत नहीं है।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के साथ ही आम मतदाताओं की प्रशंसा की है। पटना में मौलाना आजाद कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लोगों को लोकतंत्र में विश्वास और मजबूत हुआ है।

———बाइट———

---

अभी–अभी मिली सूचना के अनुसार बिहार लोक सेवा आयोग–बीपीएससी ने इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में तेरह हजार तीन सौ अड़सठ उम्मीदवार सफल रहे हैं। इसके अलावा वित्तीय प्रशासनिक अधिकारी पद के लिए आठ सौ तिरानवे अभ्यर्थी सफल हुए हैं। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम आयोग की बेवसाइट बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर देख सकते हैं।

---

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में तैंतालीस नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि पार्टी लाइन से हटकर इन नेताओं के बयानों से पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा और चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इस सूची में पूर्व मंत्री अफाक आलम, पूर्व प्रवक्ता आनंद माधव, पूर्व मंत्री वीणा शाही, पूर्व विधायक गजानंद शाही उर्फ मुन्ना शाही, पूर्व विधायक सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी, पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर अजय कुमार सिंह समेत अन्य के नाम शामिल हैं। इक्कीस नवम्बर तक इन सभी से नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और दानापुर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रामकृपाल यादव ने कहा है कि करारी हार से राजद परिवार में खलबली है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

———बाइट———

---

राज्य महिला आयोग राजद की वरिष्ठ नेता रोहिणी आचार्य के साथ अपमानजनक व्यवहार के मामले में स्वतः संज्ञान लेगा। आयोग की अध्यक्ष अफसरा मिश्रा ने रोहिणी आचार्य के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि यह सीधा–सीधा शोषण का मामला है। उन्होंने कहा कि अगर रोहिणी आचार्य स्वयं आयोग में आवेदन नहीं देती हैं तो बात बढ़ने पर महिला आयोग स्वतः ही संज्ञान लेगा।

———बाइट———

---

नकली क्यूआर कोड चिपकाकर लोगों के साथ साइबर ठगी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में अधिकारियों को जांच अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इधर, दूरसंचार विभाग ने परामर्श जारी कर लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड से पेमेंट करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि स्कैन करने

के बाद प्राप्तकर्ता का नाम और विवरण की जांच करें और डिजिटल लेन–देन केवल अधिकारिक और भरोसेमंद ऐप के माध्यम से ही करें।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में पश्चिमी हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतर भागों में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। इसके बाद प्रदेशभर में तापमान में क्रमिक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

–––बाइट–––

पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान दस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने शराब बरामदगी के मामले में दोषी एक व्यक्ति को दस साल कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

नवादा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत सभी थानों में नशामुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने नशामुक्ति की शपथ ली।

बक्सर जिले के औद्योगिक थाना अंतर्गत कथकौली के पास पटना–बक्सर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–नौ सौ बाईस पर सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गयी। जबकि ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

सुपौल के लहटन चौधरी सभागार में नशामुक्त समाज बनाने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया। इधर, रोहतास समाहरणालय में भी सामूहिक शपथ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों को नशामुक्त समाज बनाने के लिए संकल्प दिलाया।

सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर रोक लगा दी है। जिला पदाधिकारी ऋचि पांडेय ने इस संबंध में अपने ओदश में कहा है कि देर रात

तेज ध्वनी से आम लोगों की शांति भंग होती है और बुर्जगों, बच्चों और रोगियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. एनडीए विधायक दल की कल पटना में होगी बैठक। नेता चुने जाने के बाद राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

02. भाजपा ने कल होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बनाया पर्यवेक्षक। दो सह पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये।

03. विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चयन को लेकर पटना से दिल्ली तक बातचीत का दौर जारी।

04. और, राजनीतिक गतिविधियों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आ रहे हैं पटना।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।